हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 6 जून 2026

12 पर्यावरण संरक्षण करके आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित बनाएं : प्रो. काम्बोज



12 पर्यावरण दिवस रस्म नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का दिन



### जिला परिवेदना समिति की बैठक
### अध्यक्षता शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने की

# पुलिस ने नहीं की सुनवाई तो मंत्री के सामने रोने लगा पराली व्यापारी

## दो बार एसपी से मिला कारेबारी, लेकिन अब तक नहीं मिला न्याय

*हांसी में पहली जिला परिवेदना समिति की पहली मीटिंग आयोजित, ग्रीवेंस मीटिंग में रखी गई 10 में से 7 शिकायतों का मौके पर किया निपटारा, अधिकारी जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर निर्धारित समयावधि में करें समाधान: शिक्षा मंत्री*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

प्रदेश का 23वां जिला बनने के बाद शुक्रवार को हांसी में पहली बार जिला परिवेदना समिति की बैठक आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने की। बैठक में हांसी विधायक विनोद भयाना, नारनौंद के विधायक जस्सी पेटवाड़, उपायुक्त राहुल नरवाल व एसपी विनोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला परिवेदना समिति की पहली बैठक में 10 शिकायतें रखी गईं, जिनमें से 7 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। जबकि शेष 3 शिकायतों को लंबित रखते हुए अगली मीटिंग से पहले अधिकारियों को उन पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मीटिंग में शिक्षा मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को सरकारी सेवाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।



हांसी। पहली जिला परिवेदना समिति की बैठक में समस्याएं सुनते केबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा, उनके साथ हैं विधायक विनोद भयाना, उपायुक्त राहुल नरवाल व अन्य।



हांसी। हांसी : मीटिंग में मंत्री के समक्ष रोते हुए अपनी शिकायत रखता व्यापारी।

### व्यापारी पेन-ड्राइव में जांच अधिकारी को दे चुका

बैठक के दौरान पराली व्यापारी सुरेंद्र ने अपनी पराली में आग लगाकर जलाने से करीब 60 लाख रुपये का नुकसान होने के मामले में कार्रवाई न होने पर भावुक हो गए और और उसने मीटिंग में मंत्री के सामने रोते हुए अपनी समस्या रखी। सुरेंद्र ने बताया कि वह नामजद लोगों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दे चुका है और गवाह व अन्य सभी सबूत पेन-ड्राइव के माध्यम से पुलिस जांच अधिकारी को दे चुका है, लेकिन इसके बावजूद उसके मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। न्याय की उम्मीद में वह दो बार एसपी से भी मिल चुका है लेकिन उसे अब तक न्याय नहीं मिला है। इस पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मंच पर मौजूद एसपी विनोद कुमार से मामले की स्थिति के बारे में पूछा। एसपी ने बताया कि उनके स्तर पर जांच करवाई गई थी, जिसमें आग लगने का कारण बिजली की तारों से निकली चिंगारी सामने आया था। हालांकि मंत्री ढांडा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी को दोबारा जांच करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सुरेंद्र आप एक बार फिर एसपी से मिले। एसपी जांच कर रिपोर्ट दोबारा देंगे।

### शहीद निशांत के माता- पिता ने की मारपीट की शिकायत

शहीद निशांत मलिक के माता-पिता ने सदर पुलिस थाने में पारिवारिक विवाद के चलते परिवार के सदस्यों द्वारा की गई कथित मारपीट और उस पर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने की शिकायत रखी। इस पर डीएसपी रविंद्र सांगवान ने बताया कि संबंधित मामला पहले से कोर्ट में विचाराधीन है और शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है। हालांकि, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मामले को संवेदनशील मानते हुए पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी सूरत में शहीद के माता-पिता को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

### स्कूल के पास नशा बिक्री की आई शिकायत

मीटिंग की शुरुआत भाटोल गांव के सरपंच देवेंद्र लांबा द्वारा स्कूल के आसपास नशा बिकने की शिकायत से हुई। सरपंच ने बताया कि उनके गांव में आस-पास के कई गांवों के बच्चे स्कूल में पढ़ने आते हैं, लेकिन स्कूल के नजदीक खुलेआम नशे का कारोबार चल रहा है। पुलिस को नामजद शिकायत भी दे चुके हैं, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। जबकि उनके गांव को पुलिस कई साल पहले नशा मुक्त घोषित कर चुकी है, इसके बावजूद क्षेत्र में खुलेआम नशा बेचा जा रहा है। इस पर डीएसपी रविंद्र सांगवान ने बताया कि पुलिस ने हाल ही में क्षेत्र में डॉग स्क्वायड और भारी पुलिस बल के साथ विशेष सर्च अभियान चलाया था। अभियान के दौरान 63 किलो अवैध नशीले पदार्थों की बरामदगी से जुड़े मामलों में कार्रवाई की गई है। जिस महिला के खिलाफ शिकायत दी गई है, उसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं और नई शिकायत के आधार पर भी कार्रवाई की जा रही है। शिकायत को गंभीरता को देखते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पुलिस अधिकारियों को नशे के कारोबार पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

### मंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार

एक अन्य मामले में, 2021 से लंबित बिजली लाइन हटाने की शिकायत का समाधान होने पर मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि यह कार्य उनके आने की जानकारी मिलने के बाद ही पूरा किया गया है। ढाणी पुरिया गांव के निवासियों द्वारा नाले एवं पुल निर्माण संबंधी शिकायत पर शिक्षा मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत घिराय द्वारा पेयजल पाइपलाइन बिछाने संबंधी शिकायत पर शिक्षा मंत्री ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कराया जाए ताकि ग्रामीणों को पर्याप्त पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके।

### मीटिंग यह रहे मौजूद

बैठक में जिला परिषद के अध्यक्ष सोनू सिहाग डाटा, नगर परिषद के अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, सीटीएम हिमांशु चौहान, एसडीएम राजेश खोथ, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीआरओ राजकुमार, तहसीलदार डॉ अनिल विधान, सुरेश कुमार, डीईओ विनोद श्योराण, एसएमओ राहुल बुद्धिराजा, डॉ नरेंद्र शर्मा, सीएमजीजीए प्रतीक्षा सांगवान, पूर्व चेयरमैन राजपाल यादव, भाजपा महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, दिनेश भूटानी,जगमोहन यादव, रमेश नायक, गोल्डी सैनी, राम अवतार शर्मा, राम मेहर स्वामी, श्याम खाण्डा सहित जिला परिवेदना समिति के अन्य सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व परिवादी मौजूद रहे।

# युवक को कुएं में लटकाने पर तीन नामजद सहित अन्यों पर एफआईआर



हांसी। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन बारुराम के बयान दर्ज करता पुलिस कर्मचारी।

- गांव सोरखी में एससी वर्ग के युवक पर चोरी का आरोप लगाकर कुएं में लटकाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव सोरखी में एससी वर्ग के एक युवक पर चोरी का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट करने तथा कुएं में लटकाने के मामले में पुलिस ने गांव सोरखी के तीन नामजद युवकों सहित अन्य के खिलाफ एससी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई हैं। वही इस मामले में ग्रामीणों ने कहा है कि खेतों से बिजली की मोटर चोरी हो रही हैं। उसी को लेकर युवकों ने इससे पूछताछ की थी। उस दौरान झगड़ा हो गया होगा।

### घटना 1 जून की, 4 जून को वीडियो वायरल

पुलिस को दिए बयान में पीड़ित युवक बारूराम निवासी सोरखी ने बताया कि वह स्टील की ग्रिल और गेट बनाने का काम करता है। बारूराम ने बताया कि 1 जून को वह अपने परिचित के साथ भाटोल गांव जा रहा था। रास्ते में टॉयलेट के लिए रुकने पर कुछ युवकों ने उसे चोर-चोर कहकर पकड़ लिया। बारूराम ने आरोप लगाया कि युवकों ने मोटर चोरी का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की। उसके हाथ-पैर बांधकर कुएं में उल्टा लटका दिया और डंडों से पीटा। उन्होंने कहा कि तुमने खेतों में बिजली की मोटर चुराई है। वह बार-बार मना करता रहा लेकिन गांव सोरखी दीपक, पवन, सुरेंद्र सहित अन्य युवक जिनको वह सामने आने पर पहचान सकता हैं। उसके साथ मारपीट कर कुएं में लटका दिया था। बाद में उसे डायल-112 के हवाले कर दिया गया। पूछताछ के बाद शाम को उसे छोड़ दिया गया था।

### डीएसपी सांगवान को सौंपी जांच

बास पुलिस ने पीड़ित युवक के बयान पर सभी के खिलाफ एससी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर करके मामले की गहनता से जांच की जा रही हैं। इस मामले की डीएसपी रविंद्र सांगवान को सौंपी गई हैं। अभी तक इस मामले के किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो पाई हैं। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

### जो भी कसूरवार, उस पर होगी कार्रवाई

पीड़ित के बयान पर विभिन्न धाराओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में जो भी कसूरवार है उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

-रविंद्र सांगवान, डीएसपी।

## खबर संक्षेप

### एससीएसटी एवं पोक्सो मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** डीएसपी क्राइम कमलजीत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एससीएसटी एवं पोक्सो मामले में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार किया है। डीएसपी ने बताया कि इस संबंध में पिछले वर्ष 17 अक्टूबर को पीड़िता के पिता की शिकायत पर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने तथा जातिसूचक गालियां देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान मुख्य आरोपी सचिन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### 70.88 ग्राम हेरोइन और कार सहित पकड़ा आरोपी

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अग्रोहा गउशाला के पास से 70.88 ग्राम हेरोइन सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी हुंडई कार भी कब्जे में ली है। एसआई सुमेर सिंह ने बताया कि वह अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मिली सूचना के अनुसार पुलिस टीम ने एक कार को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार चालक के कब्जे से 70.88 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रतिया क्षेत्र के खुंडन निवासी हरजिन्द्र सिंह के रूप में हुई है।

### दुकान से कपड़ा चोरी के मामले की गुत्थी सुलझाई

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने दुकान से कपड़ा चोरी के मामले को सुलझाते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा चादरें बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच करते हुए पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांचे और जगदीश कॉलोनी हांसी निवासी एक महिला आरोपी की पहचान करके उसे काबू कर लिया।

# हांसी में 8 एकड़ में काटी जा रही 2 अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

- कच्ची सड़कों का नेटवर्क ध्वस्त, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला योजनाकार विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को विभाग के अधिकारियों ने कुंदनपुर रोड पर काटी जा रही अवैध कालोनी में कार्रवाई की। कृष्णा एन्क्लेव के नजदीक करीब 8 एकड़ में विकसित की जा रही दो अनधिकृत कॉलोनियों में बनाई गई कच्ची सड़क व अन्य अवैध निर्माण को जेसीबी के द्वारा ध्वस्त कर दिए गए।

### भारी पुलिस बल के बीच शांतिपूर्ण कार्रवाई

अवैध निर्माण पर कार्रवाई के लिए बीडीपीओ हांसी-1 अशोक कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था।अभियान में डीटीपी दिनेश सिंह, एफआई सपना, प्रवर्तन स्टाफ और स्थानीय पुलिस बल शामिल था। भारी पुलिस बल की तैनाती के चलते कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई।



हांसी। अवैध कालोनी में कच्ची सड़क को उखाड़ती जेसीबी

### बिना मंजूरी काट रहे थे प्लॉट

जिला योजनाकार विभाग के अधिकारियों के अनुसार कॉलोनाइजरों द्वारा बिना सरकारी स्वीकृति के प्लॉटिंग कर सड़कें और अन्य बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा था। सूचना मिलने पर मौके का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। जेसीबी से कच्चे रास्ते, सड़क नेटवर्क और अन्य निर्माण तोड़े।

### अधिकारियों ने दी चेतावनी

जिला योजनाकार विभाग अधिकारी डीटीपी दिनेश सिंह ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति विकसित की जा रही किसी भी कॉलोनी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी कॉलोनी या प्लॉट में निवेश करने से पहले उसकी वैधता और विभागीय मंजूरी की जांच जरूर कर लें।

# चानौत में पानी-बिजली के लिए ग्रामीणों का धरना जारी

- गुस्साए ग्रामीणों ने सरकार की सांकेतिक शव यात्रा निकाल सीएम-विधायक के पुतले फूंके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरवाला रोड स्थित चानौत गांव में भाखड़ा पाइपलाइन से पानी का कनेक्शन और बिजली के तार बदलने की मांग पर ग्रामीणों का धरना शुक्रवार को 21वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने धरनास्थल से खरकड़ी मोड़ तक सरकार की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली और मुख्यमंत्री व विधायक के पुतले जलाए। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक भाखड़ा पाइपलाइन से गांव के लिए कनेक्शन नहीं मिलता, उनका यह आंदोलन जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो इसे ओर तेज किया जाएगा।

### 9 जून से आमरण अनशन की चेतावनी

धरना कमेटी ने बैठक के बाद ऐलान किया कि अगर 9 जून तक मांगें नहीं मानी गईं तो उसी दिन से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। कमेटी के मुताबिक कई ग्रामीणों ने अनशन के लिए नाम दिए हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। अनशनकारी केवल पानी के सहारे रहेंगे। इससे पहले बुधवार को 51 महिलाओं ने सांकेतिक भूख हड़ताल की थी, जबकि गुरुवार को 101 पुरुष इसमें शामिल हुए थे।



हांसी। चानौत गांव में सरकार की शव यात्रा निकालते ग्रामीण।

### टी-पॉइंट लगा 6 इंच का कनेक्शन देने की मांग

पूर्व सरपंच सत्यवान, अनूप चानौत और विशाखा चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों की मुख्य मांग हांसी के लिए बिछाई जा रही भाखड़ा पाइपलाइन से चानौत गांव को 6 इंच का पानी कनेक्शन देने की है। उनका कहना है कि खरकड़ी मोड़ पर टी-पॉइंट लगाकर गांव को आसानी से पानी मिल सकता है, लेकिन सरकार और विभाग मांग को नजरअंदाज कर रहे हैं। आंदोलनकारी विशाखा चौधरी ने बताया कि धरनारत ग्रामीणों को सदर थाना हांसी से नोटिस मिले हैं। नोटिस में कहा गया है कि धरनास्थल एनएच-148 बी के दायरे में है, जिससे भारी वाहनों के आवागमन में बाधा हो सकती है। साथ ही नोटिस में कहा गया है किसी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी आंदोलनकारियों की होगी।

### किसानों की जमीन में दबी पाइप उखाड़ीं

इस बीच जनस्वास्थ्य विभाग ने उस पाइपलाइन को दोबारा उखाड़ना शुरू कर दिया है, जिसको लेकर ग्रामीण आरोप लगा रहे थे कि वह किसानों की निजी जमीन पर बिना मुआवजा व परमिशन से बिछाई गई है। ग्रामीण इसे प्रशासन द्वारा उनकी मांगों के समर्थन में उठाया गया कदम मान रहे हैं।

## राखीगढ़ी में हड़प्पा कालीन सभ्यता की साइट करीब 550 हेक्टेयर में फैली

# राखीगढ़ी में हड़प्पा सभ्यता का विस्तार, टीलों से बाहर संरचनाएं

- राखी गढ़ी में हड़प्पा कालीन सभ्यता का स्वरूप जानने के लिए टीलों के बाहरी क्षेत्र में भी होगी खुदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

विश्व की सबसे बड़ी हड़प्पा कालीन साइट राखीगढ़ी में चल रहे उत्खनन के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं। इस बार टीलों के स्वरूप और उनकी वास्तविक सीमाओं को जानने के लिए जब कोनों पर ट्रेंच लगाकर खुदाई की गई, तो पता चला कि प्राचीन स्ट्रक्चर (ढंचे) टीलों की फेंसिंग से बाहर की तरफ जा रहे हैं। इसे देखते हुए अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग टीलों के बाहरी क्षेत्रों में भी खुदाई शुरू करने की योजना बना रहा है।



नारनौंद। राखी गढ़ी के टीलें एक पर खुदाई के दौरान निकला हुआ स्ट्रक्चर जो की बाहर की तरफ जा रहा।

### टीलों के चारों तरफ फेंसिंग की गई

गौरतलब है कि टीलों के साथ में ही किसानों ने काफी भूमि को खेती में प्रयोग लाने के लिए समतल कर दिया था। जहां पर टीलें बने हुए थे उसी भूमि को अधिग्रहण करके चारों तरफ फेंसिंग की गई है। अगर स्ट्रक्चर बाहर भी मिले तो इस सभ्यता के इतिहास में एक और अध्याय जुड़ जाएगा। राखीगढ़ी में हड़प्पा कालीन सभ्यता की साइट करीब 550 हेक्टेयर में फैली हुई है। सरकार की तरफ से इस भूमि को अधिग्रहण करके टीलों के चारों तरफ फेंसिंग की हुई है।

### खुदाई से खुलेंगे और नए रहस्य

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण उत्खनन शाखा दो ग्रेटर नोएडा के अधीक्षण पुरातत्वविद मनोज सक्सेना नेतृत्व में पांचवे दौर की खोदाई 22 जनवरी से शुरू हुई थी। खुदाई का मकसद था कि टीलों की किनारों पर ट्रेंच लगाकर खुदाई की जाए ताकि हजारों साल पुरानी सभ्यता के स्वरूप को जाना जा सके। टीलें एक, दो, तीन, पांच और सात पर खुदाई शुरू की गई तो हर किनारे को बारीकी से खोदा गया। खुदाई के दौरान निकले स्ट्रक्चर टीलों के बाहर की तरफ भी जा रहे हैं। अब पुरातत्व विभाग के अधिकारी टीलों के बाहर की तरफ भी खुदाई करने की योजना तैयार कर रहे हैं। अगर बाहर की तरफ खुदाई के दौरान स्ट्रक्चर मिलते गए तो राखी गढ़ी में हड़प्पा कालीन सभ्यता के क्षेत्रफल को और बढ़ाया जा सकता हैं। वैसे भी पूरी दुनिया में हड़प्पा कालीन सभ्यता की ये सबसे बड़ी साइट मानी जाती है। जो टीलें अभी तक अधिग्रहण किए गए है उनकी लिमिट आगे जाएगी तो क्षेत्रफल बढ़ जाएगा।

### गंभीरता से चल रहा काम

खुदाई के दौरान स्ट्रक्चर टीलों के बाहर जा रहे हैं। अब इस योजना पर गंभीरता काम किया जा रहा है कि बाहरी क्षेत्र के खेतों में भी खुदाई की जाएगी ताकि उसे सभ्यता के सही स्वरूप को जाना जा सके। इसी मकसद से अबकी टीलों के बाहरी कौनों पर खुदाई की गई थी।

**-मनोज सक्सेना,** अधीक्षण पुरातत्वविद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण।



# सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने जिंदगी में आने वाली समस्याओं और उनसे डील करने को लेकर एक पोस्ट लिखा है, जो चर्चा में है। उनका कहना है कि समस्याओं को तुरंत ही सुलझाने की जरूरत नहीं, क्योंकि वो हमें परिस्थितियों की गहरी समझ, उनसे जुड़े ज्ञान और अनुभव को हासिल करने का अवसर लेकर आती हैं। वो हमें और भी समझदार और परिपक्व बना देती हैं। सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं है, लेकिन अगर अगली बार ऐसी कोई समस्या आती है, तो न केवल उसके समाधान के लिए, बल्कि उससे जुड़ी हर संभावना को समझने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बदलाव की अहमियत और उसे स्वीकारने के बारे में लिखा। साथ ही कहा कि आखिर में सबकुछ खत्म हो जाएगा, लेकिन हर चीज का अंत बदलाव का सामना किए बिना नहीं होगा। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'समस्याओं की एक अच्छी बात यह है कि वो बाद में भी समस्याएं ही रहेंगी। उनसे तुरंत निपटना जरूरी नहीं है। हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।.. और किसी न किसी समस्या के सामने आने से मन में एक तरह की बेचैनी पैदा होती है, जिससे उस समस्या का पूरा ज्ञान और समझ मिलती है।

लाइफ Style

# तमन्ना
## आध्यात्मिक जर्नी की दिखाईं झलकियां

तमन्ना भाटिया ने अपने आध्यात्मिक जर्नी की झलकियां दिखाई हैं। पूजा-पाठ, मंत्रों की गूंज, श्रद्धा भाव और गुलाबी बनारसी साड़ी में लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा का आयोजन। इस दौरान तमन्ना ने जो महसूस किया, उसे शब्दों में बताने की भी कोशिश की है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने स्पिरिचुअल जर्नी की जो कहानी सुनाई है, वो काफी लोगों को हैरान कर सकती है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा की 9 झलकियां दिखाई हैं और इस पोस्ट के कैप्शन में इस डिवाइन फीलिंग को बयां किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में बताया कि घर में दिनभर चली प्रार्थना, पूजा और पॉजिटिव एनर्जी का असर ऐसा था कि उन्हें लग रहा था जैसे वहां हर तरफ सब चीज बेहद खूबसूरत है। उन्होंने लिखा, 'सभी लोग जा चुके थे। मंत्रों का जाप शांत हो चुका था। पूजा पूरी हो चुकी थी। फिर भी मैं देवी के पास बैठी थी और चाहती थी कि बस ये दिन खत्म ही नहीं हो। उस जगह में अभी भी बहुत जीवंतता थी। एक ऐसे घर की एनर्जी, जहां दिन भर प्रार्थना, सेलिब्रेशन, हंसी, भक्ति और सबका साथ रहा। ऐसा लग रहा था मानो हवा में कोई खूबसूरत चीज अभी भी बसी हुई है, जो यहां से जाने से इनकार कर रही है।' कैप्शन में आगे कहा है, 'इस दिन को और भी खास बना दिया फैमिली, अपने और वे सभी लोग जो इस एक छत के नीचे इकट्ठा हुए थे। मैंने हमेशा महसूस किया है कि जब कोई इस तरह का आध्यात्मिक कार्य घर में होता है तो यह न केवल इसे आयोजित करने वालों को, बल्कि दरवाजे से अंदर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है।



## हॉलीवुड मसाला



# आइस एज बॉइलिंग पॉइंट का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक झुंड के रोमांच के मचअवेटेड अगले अध्याय आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट का बिल्कुल नया टीजर ट्रेलर और पोस्टर अब रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 5 फरवरी 2027 को अंग्रेजी और हिंदी में केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैमथ, सेबर-टूथ टाइगर, स्लॉथ और ढेर सारी प्रागैतिहासिक अफरा-तफरी से भरी दुनिया में लौटने के लिए तैयार हो जाइए! अब तक की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइजी में से एक आइस एज आधिकारिक तौर पर आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है, और इसका उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। टीजर में मैनी (आवाजः रे रोमानो), डिएगो (आवाज़ः डेनिस लेरी), सिड (आवाज़ः जॉन लेगुइज़ामो), बक (आवाज़ः साइमन पेग) और एली (आवाज़ः क्वीन लतीफा) एक बार फिर साथ नज़र आते हैं।



# एक्शन और विजुअल्स बने 'ही मैन' की सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** फैंटेसी और एडवेंचर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'ही मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' एक शानदार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस लेकर आई है। जिसमें शानदार एक्शन तो है ही। साथ में इमोशन से भरपूर लम्हे, हाई लेवल के ग्राफिक्स और ऐसी दुनिया जो एक अलग ही लेवल की लाइफ को बयां करती हैं। फैन्स काफी समय से इस फिल्म फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म ने आते ही उन्हें नॉस्टेलजिक कर दिया है। फिल्म से जुड़े शुरुआती रिस्पॉन्स के मुताबिक फिल्म दर्शकों को थिएटर में बांधे रखने में कामयाब हो रही है। खास तौर पर इसकी विजुअल क्वालिटी और क्लाइमैक्स सीक्वेंस बड़े पर्दे के लिए तैयार किए गए ही लगते हैं। जो दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस फिल्म को पांच में से 3.5 स्टार्स दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि ये एक सॉलिड एक्शन पेक्ड एंटरटेनर है। जो नॉस्टेलजिया से भरपूर है। जिसकी वर्ल्ड बिल्डिंग भी खासी इंप्रेसिव है। उनके मुताबिक फिल्म के एक्शन सीक्वेंस ही इसकी जान है। जिनके जरिए ही मैन की दुनिया को बड़े पर्दे पर काफी लार्ज तरीके से और खूबसूरती के साथ पेश किया गया है।



# पेड्डी का 135 करोड़ का धमाका सारी फिल्में हो गईं चित

**नई दिल्ली।** 'पेड्डी' इस साल मच-अवेटेड फिल्म में से एक है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब रिलीज होने के साथ ही राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' ने थिएटर्स में तूफान ला दिया है। हिम्मत, जज्बे और दिल छू लेने वाली कहानी को देखने के लिए थिएटर्स में भारी भीड़ उमड़ रही है। अब 'पेड्डी' के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। मेकर्स की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 'पेड्डी' ने अपने पहले दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।



# फहलाज मेरी नींव के पत्थर थे : गोविंदा

**मुंबई।** गोविंदा ने पहलाज निहलानी को अंतिम विदाई देने के बाद मीडिया से बात की और बताया कि प्रोड्यूसर ने ही उन्हें गरीबी से बाहर निकाला था। गोविंदा को पहलाज निहलानी ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक्टर संग शोला और शबनम और आंखें के अलावा कई और फिल्में बनाईं। जब गोविंदा की पहली फिल्म हिट हुई थी, तो उन्होंने एक साथ 49 फिल्में साइन कर ली थीं। एक मैगजीन ने तो तब गोविंदा को 'सोने के अंडे देने वाली मुर्गी' बता दिया था। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को याद करते हुए कहा, पहलाज निहलानी, हमारी नींव के पत्थर थे। माई और मुझ जैसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें हमें आपका सहयोग रहा। गोविंदा ने फिर आगे कहा, 'मैं पूरे सिंधी समाज को और पहलाज जी को प्रणाम करता हूं।

## टीवी मसाला



# 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हुआ फ्लॉप, विभूति ने जताई थी आपत्ति

**नई दिल्ली।** आसिफ शेख टेलीविजन के साथ फिल्मों में भी काम करने को लेकर जाने जाते हैं। उनको असली पहचान शो भाबीजी घर पर हैं से मिली थी। इस शो में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभाया था। अगर उनके कॅरियर की बात करें तो उन्होंने साल 1984 में टीवी शो हम लोग से शुरुआत की थी। इसके अलावा एक्टर काफी बड़ी फिल्मों में नजर आए, जिसमें करण अर्जुन, भारत जैसी तमाम फिल्मों के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम शो में 300 से अधिक किरदार निभाने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन में भी दर्ज किया गया है। बीते दिनों शो भाभी जी घर पर हैं 2.0 दर्शकों के बीच में आया। इस प्रोजेक्ट से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, शो दर्शकों के बीच कोई खास जगह नहीं बना पाया। हाल ही में एक्टर ने इस शो से जुड़ी शेयर की और अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस शो में जो फैब्रिक था, वो पूरा बदल गया था। मैं भी इसके पक्ष में नहीं था। शो का क्या मतलब रहा? मैं ऐसा पहला इंसान हूं, जिसने इस शो में यह फैब्रिक बदलने का विरोध किया। लेकिन ये ऊपर से ऑर्डर्स आए थे, इसलिए मैं भी कुछ नहीं कर पाया। पुराने शो में आपने देखा कि कैसे विभूति दूसरे घर में जाकर भाभी जी से मजाक करता है। आपने यह पूरा फैब्रिक ही चेंज कर दिया। एक्टर ने आगे कहा कि शो में मेरा लीड किरदार था।

## 41 साल पुराने सीरियल रजनी की वापसी

**नई दिल्ली।** बात 1985 की है। इस साल दूरदर्शन पर एक शो आया था जिसका नाम था 'रजनी'। इस शो में एक हाउसवाइफ होती है जिसका ऊसूल होता है कि कोई भी चीज वो हर कसौटी पर कसकर खरीदती है। फिर वो चाहे घर का सामान हो या फिर गैस का सिलेंडर। रजनी का ये किरदार प्रिया तेंदुलकर ने



निभाया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण राजदान थे। अब 'रजनी 2.0' की दूरदर्शन पर वापसी हो रही है। डायरेक्टर करण राजदान ने शो के बारे में कहा कि 'रजनी' पहले भी दूरदर्शन पर आता था। दूरदर्शन ने मुझे इसके अगला पार्ट बनाने के लिए ऑफर दिया। हालांकि, एक बड़े चैनल को भी मैंने यह आइडिया सुनाया था। उनको भी काफी पसंद आया। सबसे बड़ी बात यह है कि उनका कहना था कि 'रजनी 2.0' में 2 एपिसोड्स में पूरा केस सॉल्व कैसे कर सकती है? मैं कहता हूं कि आज के समय हमारे देश में ऐसी धाराएं आ गई हैं जो हाल ही कंज्यूमर की प्रॉब्लम सॉल्व करती हैं। इस शो को डीडी नेशनल पर देखा जा सकेगा। डायरेक्टर ने आगे बताया कि आज के समय आप अपना खुद का केस कंज्यूमर कोर्ट में जाकर लड़ सकते हो। आपको किसी की जरूरत नहीं है। यह बात मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता था।

द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज

# दूध और खाने में मिलावट अस्पताल में तड़पते लोग

**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक की दिखी है। एक मिनट 26 सेकंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें डेटा खाने पीने में मिलावट की तस्वीरें और



वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके होंगे। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी।

# गोलमाल 5 में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ होगा हॉरर-कॉमेडी का तड़का

**मुंबई।** रोहित शेट्टी की सुपरहिट 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म यानी 'गोलमाल 5' को लेकर काफी समय से चर्चा है। फैंस फिल्म की अनाउंसमेंट के वक्त से ही इसे लेकर क्रेजी हैं। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार भी हैं और उनकी एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। इस बीच 'गोलमाल 5' की कहानी से लेकर स्टारकास्ट और किरदारों के बारे में अहम जानकारी सामने आई है। इस बार कहानी में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का भी होगा। साथ ही रणवीर सिंह की भी एंट्री की खबरें हैं। 'गोलमाल 5' के पहले शेड्यूल की



शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे ऊटी में शूट किया गया था। अब अगला बड़ा शेड्यूल जुलाई में शुरू होगा। इसे मुंबई में शूट किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बार फिल्म की कहानी बेशक हॉरर कॉमेडी और सुपरनैचुरल बताई जा रही है, पर गोवा भी इसका अहम हिस्सा बनेगा। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और तुषार कपूर तो हैं ही, पर इस बार अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के बाला से इंस्पायर्ड हो सकता है। उनकी एंट्री 'गोलमाल 5' में या तो मेन विलेन या फिर नेगेटिव रोल में होगी। उन्हें 'गोलमाल 5' में तमिलनाडु के एक बादशाह के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, 'गोलमाल 5' के किरदारों को लेकर भी जानकारी मिली है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की पहले पार्ट में शरमन जोशी, अजय देवगन की टीम का हिस्सा थे, पर बाद में वह इस फ्रेंचाइज से अलग हो गए थे।

## बिहाइंड हर आइज का अंत देखकर पैरों तले खिसक जाएगी जमीन

# वो साइकोलॉजिकल हॉरर, जिनमें डराता है इंसानी दिमाग का पागलपन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगर आपको साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर्स पसंद हैं, तो आपको इन फिल्मों और सीरीज की लिस्ट देखनी चाहिए। लिस्ट में टॉक टू मी, द बाबाडूक और सेंट मॉड जैसी फिल्में शामिल हैं, जो मानसिक बीमारी, दुख और धार्मिक उन्माद को डरावने रूप में दिखाती हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज'बिहाइंड हर आइज अपने अनोखे ट्विस्ट और क्लासिक फिल्म मिजरी एक जुनूनी फैन के खौफनाक पागलपन को बखूबी बयां करती है।

**शैतान (2024):** इस लिस्ट में बॉलीवुड की फिल्म 'शैतान' भी अपनी जगह बनाती है, जो माता-पिता के सबसे बड़े डर को पर्दे पर लाती है। एक हंसता-खेलता परिवार वीकेंड मनाने बाहर जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी तब नरक बन जाती है, जब एक अजनबी उनकी जवान बेटी को अपने वश में कर लेता है। वह लड़की उस आदमी के सम्मोहन में आकर अपने ही माता-पिता पर क्रूर अत्याचार करने लगती है, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

**द बाबाडूक (2014):** यह फिल्म सिर्फ एक मॉन्स्टर की कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी दिमाग के गहरे खालीपन को दिखाती है। कहानी एक अकेली मां और उसके बेटे की है, जो बच्चों की एक किताब से निकले अजीब और डरावने राक्षस 'बाबाडूक' के साए से परेशान हैं। यह कमाल की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म असल में किसी भूत-प्रेत से ज्यादा, एक मां के पुराने दुख, तन्हाई और डिप्रेशन के खौफनाक रूप को पर्दे पर बेहद संजीदगी और डर के साथ पेश करती है।



**सेंट मॉड (2020):** अगर आप धीरे-धीरे बढ़ने वाले सस्पेंस के दीवाने हैं, तो आपको 'सेंट मॉड' बिल्कुल मिस नहीं करनी चाहिए। इसमें एक अकेली और बेहद धार्मिक हॉस्पिस नर्स की कहानी है, जो अपनी एक नास्तिक मरीज की आत्मा को बचाने के जुनून में इस कदर अंधी हो जाती है कि सही और गलत का फर्क भूल बैठती है। यह फिल्म मानसिक बीमारी, तन्हाई और धार्मिक उन्माद के खतरनाक तालमेल को बहुत ही खौफनाक अंदाज में दिखाती है।

**भूतकालम (2022):** मलयालम सिनेमा की बेहतरीन साइकोलॉजिकल फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। घर में एक मौत के बाद एक मां और उसका बेटा डिप्रेशन से जूझते हुए अपने किराए के मकान में कुछ बेहद डरावनी और अजीब घटनाओं का सामना करते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह अंत तक दर्शकों को उलझाए रखती है कि जो कुछ हो रहा है, वह वाकई कोई भूत है या फिर उनके दिमाग का वहम।

**तुम्बाड (2018):** भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में गिनी जाने वाली 'तुम्बाड' इंसानी लालच की एक अनोखी और डरावनी लोककथा है। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जिसकी सोने के खजाने को पाने की भूख उसे एक श्रापित देवता की अंधेरी कोख तक ले जाती है। यह फिल्म सिर्फ डराती नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे इंसान का अपना ही लालच उसके लिए सबसे बड़ा और सबसे भयानक राक्षस बन जाता है।

**बिहाइंड हर आइज (2021):** अगर आपको मिनीसीरीज देखना पसंद है, तो 'बिहाइंड हर आइज' एक परफेक्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कहानी एक सिंगल मदर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बॉस के साथ अफेयर में पड़ जाती है और साथ ही उसकी रहस्यमयी पत्नी से भी दोस्ती कर लेती है। तीन लोगों का यह अजीब लव ट्रायंगल धीरे-धीरे ऐसे डार्क सीक्रेट्स खोलता है, जिसका अंत देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

**मिजरी (1990):** मशहूर लेखक स्टीफन किंग के नॉवेल पर बनी क्लासिक फिल्म एक जुनूनी फैन के डरावने रूप को दिखाती है। एक जाने-माने लेखक की कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसके बाद उसकी जान उसकी 'नंबर वन फैन' बचाती है। लेकिन, यह सेवा जल्द ही एक भयानक कैद में बदल जाती है, जब उस फैन का पागलपन सामने आता है। यह फिल्म आपको शुरू से अंत तक सीट से बांधकर रखेगी।

### 33 देशों के 1300 खिलाड़ियों ने की प्रतियोगिता में शिरकत

# राष्ट्रीय बायथल/ट्रायथल मॉडर्न पेंटाथलॉन में मन्नत ने जीता रजत

■ अब एशियन व वर्ल्ड गेम्स में भाग लेंगे मन्नत सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विद्यापीठ यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद में आयोजित 15वीं राष्ट्रीय बायथल/ट्रायथल मॉडर्न पेंटाथलॉन चैम्पियनशिप 2026 में हिसार के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते। प्रतियोगिता के अंडर-21 बायथल वर्ग में मन्नत सैनी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। हिसार डिस्ट्रिक्ट मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन के प्रधान सचिन वर्मा एवं महासचिव सन्नी वर्मा ने मन्नत सैनी को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 33 देशों के 1300 प्रतिभागियों में हुए आयरमैन के इंटरनेशनल मुकाबले में हिसार के छोरे मन्नत सैनी ने अपने श्रेणी (18-24 वर्षीय) के प्रतिद्वन्दियों को पछाड़ते हुए कड़े संघर्ष के बाद दूसरा नम्बर प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता गोवा में हुई थी।

मन्नत सैनी के पिता विजय सैनी ने बताया कि जवाहर नगर की विजय कॉलोनी में रहने वाला 19 वर्षीय मन्नत सैनी इस समय हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई (सोनीपत) में बीएससी स्पोर्ट्स साइंस का द्वितीय वर्ष का छात्र है। रजत पदक जीतने के बाद मन्नत सैनी अब एशियन गेम्स में भाग लेगा जोकि 5 से 11 अक्टूबर को दुबई में होगी। इसके साथ ही मन्नत के अब तक के पूरे प्रदर्शन के बाद वह वर्ल्ड लेवल पर होने वाली खेल प्रतियोगिता में भाग लेगा। यह प्रतियोगिता 26 से 29 अक्तूबर तक पुर्तगाल में होगी।

■ गोवा में आयोजित हुई स्पर्धा बीएससी स्पोर्ट्स साइंस के द्वितीय वर्ष के छात्र हैं मन्नत सैनी



हिसार। अहमदाबाद में रजत पदक जीतने वाला मन्नत अपने मैडल के साथ। फोटो : हरिभूमि

## हिसार पहुंचने पर ग्रैपलिंग टीम धुरंधर का जोरदार स्वागत

हिसार। असम के गुवाहाटी स्थित भोगेश्वरी फूंकनानी इंदौर स्टेडियम में हुए राष्ट्रीय ग्रैपलिंग खेल में हिसार के 9 खिलाड़ियों ने पदक जीतें हैं। इनमें 8 खिलाड़ी सूर्यनगर से व एक खिलाड़ी 12 क्वार्टर से हैं। पदक जीतकर हिसार पहुंचने पर खिलाड़ियों का हुआ जोरदार स्वागत किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता व बच्चों की टीम हेड नीलम सैनी ने कहा कि हमारे बच्चों ने यहां तक आने के लिए बहुत मेहनत की है। कोच समीर व उन्होंने बच्चों को आगे लाने के लिए पुरजोर प्रयास किए और उनकी मेहनत रंग भी लाई।नीलम सैनी ने बताया कि खिलाड़ियों में कार्तिक, पुनीत, अंशु, ईशांत, मुखरित, परमीत, देव, गुरप्रीत व अभय शामिल हैं। इस मौके पर समाजसेवी वीर सिंह ख्यालिया भी पहुंचे उन्होंने कहा कि बच्चों को आगे ले जाने में वह हरसंभव मदद करेंगे।



हिसार। खिलाड़ियों का स्वागत करते कोच व अन्य पदाधिकारी।

# वानप्रस्थ में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 40 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन क्लब में सेंटर फॉर साइट रेड स्क्वेयर मार्केट के सहयोग से एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। क्लब के महासचिव डॉ. जे. के. डांग ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों की टीम ने प्रतिभागियों की व्यापक नेत्र जांच की। शिविर में दृष्टि परीक्षण, चश्मे के नम्बर की जांच, मोतियाबिंद की स्क्रीनिंग, रेटिनोस्कोपी आंखों के सामान्य रोगों की पहचान एवं परामर्श तथा मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से संबंधित नेत्र समस्याओं की प्रारम्भिक जांच की गई। आवश्यकता अनुसार रोगियों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में सेक्टर-15, सेक्टर-16 एवं 17, डिफेंस कॉलोनी, पी.एल.ए. तथा आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी आंखों की जांच करवाई। शिविर के सफल आयोजन में शालू दीवान (ऑप्टोमेट्रिस्ट) तथा विजय का विशेष योगदान रहा।



हिसार। बुजुर्ग की आंखों की जांच करती चिकित्सक।

# समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार।

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को हिसार में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं जनहित से जुड़ी मांगों को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं एवं विकास संबंधी सुझाव उनके समक्ष रखे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से जुड़े मामलों का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के निवारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है।

## न्यूज डायरी

### किसान संगठन ने सरकार की निंदा की

हिसार। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेएमएस) ने भाजपा सरकार की किसान -मजदूर व जनविरोधी नीतियों की कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि पिछले 11 साल से सत्ता में काबिज रहने के बावजूद भाजपा सरकार हरियाणा की जनता को पीने का साफ पानी भी मुहैया नहीं करा सकी है। संगठन के जिला संयोजक हवा सिंह संघर्ष ने कहा कि पीने का साफ पानी जैसी मूलभूत जरूरत के लिए भी जनता धरने प्रदर्शन करने के लिए मजबूर है। हाल ही में चैनत गांव के लोगों को पेयजल को लेकर कई दिन से अपनी आवाज उठानी पड़ रही है। यही स्थिति पूरे प्रदेश की है। शहर और गांव हर जगह हाहाकार मचा हुआ है।

### कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

हिसार। शहर के दयानंद कॉलेज में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बेहद उत्साह तथा उमंग के साथ मनाया गया। इस मौके पर दयानंद कॉलेज के हॉस्टल में योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शोभा चहल ने शिरकत की। उनके साथ हॉस्टल वार्डन साक्षी व अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। इस योग सत्र में शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शोभा चहल ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

### मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हिसार। बरवाला पुलिस ने मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद किया है। आरोपी की पहचान सरहेड़ा निवासी सत्यवान के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मजीत ने बताया कि इस संबंध में 18 अप्रैल को सरहेड़ा निवासी महिला किताबो की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट कर चोट पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान उप-निरीक्षक हनुमान सिंह ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सत्यवान को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस ने 10 गुमशुदा मोबाइल लौटाए

हिसार। जिला पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों तक पहुंचाएं हैं। साइबर सुरक्षा शाखा ने जून माह के पहले सप्ताह के दौरान प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी की 10 शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान करते हुए लाखों रुपये कीमत के 10 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में मोबाइल फोन के असली मालिकों को बुलाकर उन्हें उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए। लंबे समय बाद अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस एवं साइबर सुरक्षा शाखा का आभार जताया।

### कर्मचारियों को संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा

हिसार। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़ एवं जिला सचिव नरेश गौतम ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों, विश्वविद्यालयों और बोर्ड-निगमों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त हुए पदों पर स्थायी भर्तियां नहीं कर रही है। इसके बजाय विभिन्न नामों से हजारों कच्चे कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है, जिन्हें न तो न्यूनतम वेतनमान दिया जा रहा है और न ही श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने 1987, 1993, 1996 और 2014 में नीतियां बनाकर बड़ी संख्या में कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया था, लेकिन वर्ष 2014 के बाद से लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने के लिए कोई नई नीति नहीं बनाई गई। उनका आरोप है कि सरकार ने पूर्व में बनी नीतियों को भी प्रभावहीन करने का काम किया है।

### वर्ल्ड योगासन स्पर्धा में भाग ले रहे विद्यार्थी

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी तथा पूर्व विद्यार्थी प्रतिष्ठित प्रथम वर्ल्ड योगासन चैम्पियनशिप में भाग ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। योगा साइंस विभाग की अध्यक्षा प्रो. शबनम जोशी ने बताया कि यह विश्वस्तरीय प्रतियोगिता अहमदाबाद के 'एका एरिना बाय ट्रांसस्टेडिया' में आयोजित की जा रही है, जिसमें 78 से अधिक देशों की टीमें अपनी योग कला का प्रदर्शन कर रही हैं। योग विज्ञान विभाग के इंटीग्रेटेड बीएससी-एमएससी योग साइंस एंड थेरेपी के विद्यार्थी सुमित, रसायन विभाग के एमएससी केमिस्ट्री की विद्यार्थी मधु वर्मा व योग विज्ञान विभाग के पूर्व विद्यार्थी प्रवीन कुमार पाठक एथलीट के तौर पर भाग ले रहे हैं।

### सात विद्यार्थियों का इंटर्नशिप के लिए चयन

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की एक पहल 'इंटर्न-उत्सव-2026'के माध्यम से विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों आईआईटी रुड़की, आईआईएसईआर भोपाल और आईआईटी, वाराणसी में ग्रीष्मकालीन अनुसंधान इंटर्नशिप के अवसर प्राप्त किए हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि बीटेक आईटी की देवयानी, बीटेक सीएसई की सुमेधा, तथा बीटेक एमई की कविता व ईशा तथा बीटेक ईई की तृप्ती आईआईटी रुड़की के लिए, बीटेक ईसीई की की दीपशिखा कुमारी आईआईएसईआर भोपाल तथा बीटेक एमई की संध्या आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के लिए चयनित की गई हैं।

### अधिकारियों ने सफाई अभियान चलाया

हांसी। नगर परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता एवं सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगर परिषद अधिकारियों, कर्मचारियों तथा मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतीक्षा सांगवान ने शहर के बाजारों में पैदल भ्रमण कर दुकानदारों एवं नागरिकों को अतिक्रमण हटाने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। दोपहर बाद सीएमजीजीए के साथ नगर परिषद टीम ने शहर के मुख्य बाजारों में पैदल यात्रा की। इस दौरान दुकानदारों को सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करने, दुकानों के बाहर सामान न रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। नगर परिषद के सभी सफाई कर्मचारियों द्वारा शहर के मार्गों एवं बाजारों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

### मजदूर के घर में लगी आग, सामान राख

बरवाला। वार्ड नं. 9 गांव खरकड़ा में मजदूर के घर में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। आग पर पड़ोसी लोगों ने अपने स्तर पर काबू पाया। परंतु तब तक घर में रखा लाखों रुपये का घरेलू सामान जल गया और घर भी क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर मौजूद मकान मालिक संजय ने बताया कि वह अपने परिवार समेत दिहाड़ी के लिए बाहर गया हुआ था। घर पर कोई नहीं था। देर शाम को उसके घर में अचानक आग लग गई। घर के आसपास पड़ोसी लोगों ने घर में आग लगी देखी तो इन लोगों ने तुरंत मौके पर आकर लगभग एक घंटे के अपने अथक प्रयासों से इस आग पर काबू पाया। परंतु तब तक संजय के घर में रखा घरेलू सामान सोफा सेट, अलमारी, बेड, आवश्यक दस्तावेज व अन्य सामान जल गया। आग के लगने से मकान मालिक को लगभग साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हो गया है।

## न्यूज डायरी



### बच्चों ने लिया रेन डांस का आनंद

हिसार। बच्चों की एकाग्रता, सामंजस्य व धैर्य क्षमता बढ़ाने के लिए सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में चार दिवसीय मेडिटेशन कैंप पूरे उत्साह के साथ शुरू हुआ। बच्चों ने खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मेडिटेशन के आधारभूत सूत्र समझे। इसके साथ ही परिजनों व अन्य साधकों के लिए शांति जागरूकता ध्यान शिविर भी शुरू हो गया। स्वामी संजय व मां सांची ने मेडिटेशन कैंप व शांति जागरूकता ध्यान शिविर पर प्रकाश डालते हुए सभी बच्चों, परिजनों व साधकों को एकाग्रता का महत्व समझाया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों को मड प्ले, पार्क प्ले, रेन डांस, रोप एक्टिविटी, पेंटिंग, सिंगिंग व झूले झूलने का भी अवसर मिला। इसके साथ ही बच्चों ने मड बाथ व रेन डांस करते हुए खूब अठखेलियां भी की।

### नागरिकों से जल संरक्षण की अपील



हिसार। जल प्रबंधन को अपनाकर बड़े स्तर पर पेयजल की बचत एवं जल संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है। यह बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार विनोद कुमार ने जिले में चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान के दौरान कही। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले के बाडोपट्टी, खैरी, नंगथला, रावलवास खुर्द, पाली, उमरा और गंगवा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में विशेष अभियान चलाकर अवैध पेयजल कनेक्शनों की जांच की जा रही है। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं तथा आवश्यकतानुसार अवैध कनेक्शन काटे भी जा रहे हैं।

### मजदूर महापंचायत 10 जून को हिसार में

हिसार। भवन निर्माण में काम करने वाले मिस्त्री मजदूर ऑनलाइन पोर्टल बंद होने और सुविधा रुक जाने के कारण मजदूरों में आक्रोश में है। यह बात भवन निर्माण कामगार यूनियन के सचिव राकेश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले 11 महीने से सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल बंद कर रखा है इसी कारण निर्माण मजदूर का पंजीकरण नहीं हो पा रहा है और ना ही सुविधाओं के फॉर्म भरे जा रहे है। उन्होंने कहा कि श्रम मंत्री अनिल विज और मुख्यमंत्री से तीन-तीन बार बैठक हो चुकी हैं परंतु आज तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। इसी को लेकर निर्माण मजदूर 10 जून को हिसार के उपयुक्त कार्यालय पर मजदूर महापंचायत करेंगे। इस पंचायत में हिसार तहसील के सैकड़ो मजदूर भाग लेंगे और विपक्ष-पक्ष के नेताओं को भी बुलाया गया है।

### स्वास्थ्य मंत्री के आवास का घेराव 11 को

हिसार। हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की ग्रामीण ब्रांच की बैठक ब्रांच वरिष्ठ उपप्रधान राजेंद्र खारड़िया की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव प्रदीप कुमार ने किया। बैठक में 11 जून को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा के आवास के घेराव की तैयारियों फर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है, जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर यूनियन ने 22 मई को रोष प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था। सरकार की उदासीनता को देखते हुए यूनियन ने 11 जून को प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया है। बैठक में चेयरमैन रिसाल सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश झाझड़िया, रामपाल, रवि भाकर, सचिन शर्मा, सतीश शर्मा, पवन आदि भी मौजूद रहे।



### दूसरे दिन महास्वच्छता अभियान रहा जारी

हिसार। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार शहर में चलाए गए दो दिवसीय महास्वच्छता अभियान के दूसरे दिन डीएन कॉलेज रोड रेलवे फाटक से घोड़ा फार्म रोड तक सफाई अभियान चलाया गया। अल-सुबह नगर निगम की टीम ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और नागरिकों से शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग की अपील की। अभियान के दौरान डीएन कॉलेज रोड रेलवे फाटक से घोड़ा फार्म रोड और धोबी घाट रोड की सफाई की। सफाई कर्मचारियों के द्वारा एकत्रित कचरे को जेसीबी मशीन की सहायता से ट्रॉलियों में भरकर डम्पिंग स्टेशन तक पहुंचाया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि अनिल जैन, एएसआई राहुल सैनी, राहुल पंवार, विजेता, सरोज, रोहित, सन्नी, प्रवीण तथा वेस्ट वेडनेसडे फाउंडेशन के इंचार्ज कनिष्क सहित नगर निगम के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## रोडवेज कर्मियों ने की हड़ताल, नाइट सर्विस पर नहीं गईं बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राज्य परिवहन के हिसार डिपो में 22 दिनों से धरना दे रहे कर्मचारियों का धैर्य शुक्रवार को जवाब दे गया। कर्मचारियों ने अपने ऐलान के अनुसार बसों की नाइट सर्विस बंद कर दी और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। नाइट सर्विस चलवाने व मध्यस्थता करने एसडीएम ज्योति मित्तल मौके पर पहुंची और सांझा संघर्ष समिति से जीएम को एक माह का समय देने की मांग करते हुए बसें चलाने व हड़ताल न करने की अपील की, जिसे कर्मचारियों ने मानने से इनकार कर दिया और कहा कि उनके मांगे कोई नई नहीं है बल्कि साढ़े तीन से बकाया है और वे केवल इंतजार ही कर रहे हैं। रोडवेज कर्मचारियों ने ऐलान के अनुसार बसों का संचालन शुक्रवार शाम से बंद कर दिया और कोई बसें नाइट पर नहीं गई। इससे शाम के समय यात्रियों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। सांझा संघर्ष समिति के नेता जोगेन्द्र पंघाल, अजय दुहन व संदीप जैनावास ने कहा कि यात्रियों को हो रही परेशानी के लिए सीधे रूप से महाप्रबंधक जिम्मेवार है। कर्मचारी बार-बार मांगे उठाकर आंदोलन के लिए चेताते हैं। लेकिन महाप्रबंधक उन्हें केवल आश्वासन देकर टरका देते हैं।

### मारपीट व गैस सिलेंडर छीनने के मामले में आरोपी काबू

हिसार। एएसपी मयंक मुदगिल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मारपीट, जातिसूचक गालियां देने तथा गैस सिलेंडर छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से भारत गैस कंपनी के पांच सिलेंडर बरामद किए हैं। एएसपी मयंक मुदगिल ने बताया कि इस संबंध में इस वर्ष 30 मार्च को खानक में रह रहे खरड़ निवासी सोनू ने शिकायत दी थी कि वह भारत गैस एजेंसी की गाड़ी पर चालक है। जब वह गांव नलवा में गैस सिलेंडरों की डिलीवरी देने गया था, तब एक कार में सवार दो व्यक्ति, जिनकी पहचान सुभाष व लीला राम के रूप में हुई, वहां आए और शिकायतकर्ता तथा उसके साथी के साथ मारपीट की। आरोपियों ने जातिसूचक गालियां दीं तथा गाड़ी से पांच गैस सिलेंडर उतार लिए। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी नलवा निवासी लीलाराम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से भारत गैस के पांच सिलेंडर भी बरामद कर लिए गए हैं।

### सीआईए मिल गेट ने स्नैचिंग के मामले में आरोपी को दबोचा

हिसार। सीआईए मिल गेट पुलिस ने स्नैचिंग के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन, नगद राशि, बैंक पासबुक की कॉपी तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान शहर के दीप नगर निवासी सुनील के रूप में हुई है। सीआईए मिल गेट प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि इस संबंध में पिछले साल 23 सितंबर को जवाहर नगर निवासी ईश्वर देवी ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार कैमरी रोड स्थित सीआईडी चौक के पास अज्ञात आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन, नगद राशि तथा बैंक पासबुक की कॉपी छीन ली और फरार हो गए। मामले की गहन जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों एवं जांच के आधार पर आरोपी सुनील को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से स्नैचिंग किया गया मोबाइल फोन, नगद राशि, बैंक पासबुक की कॉपी तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है।

### पुलिस ने महिला से ठगे गए 7500 रुपये वापस कराए

हिसार। साइबर अपराध पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकार हुई एक महिला के पूरे पैसे वापस कराने में सफलता हासिल की है। पैसे वापस मिलने पर पीड़िता ने साइबर थाना पुलिस का आभार व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार हिसार निवासी महिला नीलम के साथ बीती 20 मई को 7500 की ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई थी। पीड़िता ने इस संबंध में अगले ही दिन 21 मई को साइबर हेल्पलाइन/थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही साइबर थाना के पीएसआई सुरेंद्र सिंह ने जांच शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक खातों को फ्रीज करवाया। पुलिस के इस त्वरित एक्शन के दबाव में फ्रॉड की गई पूरी राशि 7500 रुपये पीड़िता के खाते में वापस आ गए। अपने पैसे वापस मिलने के बाद पीड़िता नीलम स्वयं साइबर थाना पहुंची। उन्होंने अपनी शिकायत वापस लेते हुए पुलिस और पीएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम की कार्यकुशलता की सराहना की और धन्यवाद किया।

**पहल** | गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि में राष्ट्रीय गौरव संस्थान के सौजन्य से हुई संगोष्ठी

# भारतीय परंपराएं हमें सिखाती हैं प्रकृति का संरक्षण

■ गुजवि में अशोक सिंघल अध्ययन शोध पीठ की भी हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय गौरव संस्थान नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल खन्ना ने कहा है कि भारतीय ज्ञान एवं सांस्कृतिक परंपराएं हमें प्रकृति का दोहन नहीं बल्कि संरक्षण सिखाती हैं।

आज से पांच सौ साल पहले जब पाश्चात्य संस्कृतिक आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक के नाम पर प्रकृति के दोहन के सिद्धांत खोज रही थी। उसी समय हमारे देश में गुरु जंभेश्वर जी महाराज हमें प्रकृति संरक्षण के सिद्धांतों और जरूरतों से अवगत करवा रहे थे। जबकि उस समय आज की तरह का पर्यावरण संकट नहीं था। कपिल खन्ना गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय गौरव संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में 'राष्ट्र अभ्युदय में सांस्कृतिक और पर्यावरण चेतना का समन्वय' विषय आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्यतिथि संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्कालय में अशोक सिंघल अध्ययन शोध पीठ की स्थापना भी की गई है। अशोक सिंघल अध्ययन शोध पीठ की यह प्रथम संगोष्ठी थी। विश्व हिंदू परिषद् के केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा संगोष्ठी के मुख्य वक्ता रहे। अध्यक्षता गुजविप्रौवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। राष्ट्रीय गौरव संस्थान के उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, प्रांत अध्यक्ष सुभाष सिंघल तथा गुरु जंभेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के चेयरमैन प्रो. किशना राम भी मंच पर उपस्थित रहे।



हिसार। संगोष्ठी का उद्घाटन करते मुख्यातिथि कपिल खन्ना एवं अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### जड़, चेतन और मानव सब भाई बहनः बजरंग

मुख्य वक्ता बजरंग लाल बागड़ा ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमें सिखाती है कि जड़, चेतन और मानव सब भाई बहन हैं। हमारा दायित्व बनता है कि हम जो प्रकृति से लें, उतना वापिस भी लौटाएं। उन्होंने अशोक सिंघल के जीवन के जुड़े पहलुओं को छुआ तथा बताया कि श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन के वे नायक थे। प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि भारतीय संस्कृति में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखने की वैश्विक चुनौतियों के सभी सिद्धांत हैं। भारतीय संस्कृति हमें प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता का भाव देती है।

### सिंघल का अंतर्मन सनातन संस्कृति के लिए धड़कता था

कपिल खन्ना ने इस अवसर पर कहा कि अशोक सिंघल के नाम पर स्थापित यह शोध पीठ विद्यार्थियों को आधुनिकता के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़ना सिखाएगी। उन्होंने कहा कि अशोक सिंघल का अंतर्मन सनातन संस्कृति के लिए धड़कता था। उन्होंने कहा कि रामजन्म भूमि के कारसेवकों का सम्मान करना इस कार्यक्रम का सबसे पवित्र हिस्सा है।

### कारसेवकों को किया सम्मानित

इस अवसर पर श्रीराम जन्म भूमि के कारसेवकों के साथ-साथ राष्ट्रीय गौरव संस्थान के प्रांत उपाध्यक्ष मनोज लाकड़ा, महिला प्रांत अध्यक्ष रेणू गुप्ता, दिल्ली प्रांत अध्यक्ष वेदप्रकाश तथा विश्व हिंदू परिषद् हरियाणा के प्रांत मंत्री अनुराग कुलश्रेष्ठ को भी सम्मानित किया।

छात्राओं ने भी पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली, पोधरोपण जीवन व पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यकः कुलपति

# पर्यावरण संरक्षण करके आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित बनाएं : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल्पना चावला एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बॉटल पाम का पोधरोपण किया, साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षाविदें, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को प्रण लेकर अधिक से अधिक पोधरोपण करने के लिए भी प्रेरित भी किया। छात्राओं ने भी पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। इस विशेष पोधरोपण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय एवं भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों का स्मरण करने का अवसर भी है। पोधरोपण हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार और संस्थाओं का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज, समृद्ध राष्ट्र और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ अरविंद मलिक ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।



हिसार। विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज।

## पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया लुवास में विश्व पर्यावरण दिवस



हिसार। विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) विभिन्न पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को प्रातः अरावली छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। इस अवसर पर पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश खुराना, कुलसचिव डॉ. राम नजर चौधरी, अनुसंधान निदेशक डॉ. सुशीला मान, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिन्धु, डॉ. एसबी पाटिल, डॉ. पवन कुमार, डॉ. सुखदीप वोहरा, विकास खरब आदि मौजूद थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय में पौधरोपण कर दिया संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय नलवा में एनएसएस इकाई एवं पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में पोधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ कमलेश दुहन द्वारा अमलतास का पौधा लगाकर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पर्यावरण समिति के संयोजक राजीव कुमार, डॉ पूजा, डॉ अनिल कुमार , डॉ विजय राणा अन्य प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।


हिसार। महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण करती महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन व अन्य स्टाफ सदस्य ।

## अर्बन एस्टेट मार्केट एसो. ने लगाई त्रिवेणी

हिसार। विश्व पर्यावरण दिवस पर अर्बन इस्टेट मार्केट एसोसिएशन द्वारा पुष्पा कॉम्प्लेक्स के सामने स्थित ग्रीन बेल्ट में त्रिवेणी लगाई गई। इस दौरान एसोसिएशन प्रधान रमेश चुघ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पोधरोपण करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी पौधरोपण करेंगे और उनकी देखभाल करेंगे तो पर्यावरण को हम बेहतर कर पाएंगे। इस दौरान दिनेश बिश्नोई, योगेश ठाकुर, कृष्ण यादव बिल्लू, योगेश अरोड़ा, सुशील पनेजा, साहिल सुनेजा व सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पर्यावरण को सुरक्षित बनाना हम सभी का कर्तव्यः मारोठिया

हिसार। गांव किरतान में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान के सहयोग से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बसेशर मारोठिया थे। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के बाद इनकी सुरक्षा के लिए भी गंभीरता दिखाई जाए। इस मौके पर गांव किरतान से आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य, प्रोमील आर्य, मोहित, मानवीर बुगालिया, चिमनलाल, राघव माधव शाखा से अजय राज सिंह, कुनाल आदि मौजूद थे।

## दयानंद कॉलेज में कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

हिसार। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दयानंद कॉलेज की एनसीसी आर्मी विंग (बॉयज) ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पोधरोपण एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर में प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह के मार्गदर्शन में किया गया तथा कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण जागरूकता रैली से हुआ। रैली के दौरान कैडेट्स ने पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ, हरियाली है जीवन का आधार जैसे नारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिसमें डॉ. यशुराय तायल, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ.) हेमंत शर्मा तथा एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

# पर्यावरण दिवस पर शहर में एक सप्ताह चलेगा स्वच्छता व जागरूकता अभियान

शहर में स्वच्छता व्यवस्था की मजबूती व नागरिकों को ठोस कचरा प्रबंधन के नए नियमों के प्रति करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार एक सप्ताह का विशेष स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाना, नागरिकों को ठोस कचरा प्रबंधन के नए नियमों के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाना है। जिसको लेकर नगर निगम के मुख्य सभागार में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें पार्षद, अधिकारी और स्वच्छता संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि कचरा प्रबंधन केवल सफाई का विषय नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से भी सीधे जुड़ा हुआ है। शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। जनसहयोग और जागरूकता के माध्यम से ही स्वच्छ एवं हरित हिसार का सपना साकार किया जा सकता है।


हिसार। अधिकारियों व पार्षदों के साथ बैठक में चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

इसके अलावा बड़े कचरा उत्पादकों (बल्क वेस्ट जनरेटर) को अपने गीले कचरे का निस्तारण स्वयं करने और सूखे कचरे को पंजीकृत एजेंसियों को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। वार्डों में बनेगी स्वच्छता समितियां बैठक में प्रत्येक वार्ड के लिए स्वच्छता रैंकिंग प्रणाली विकसित करने तथा वार्ड स्तर पर स्वच्छता समितियों के गठन का सुझाव दिया गया। इन समितियों का नेतृत्व संबंधित पार्षद करेंगे। नए नियमों के अनुसार घरों और संस्थानों में चार प्रकार के डस्टबिन लगाए जाएंगे तथा अलग-अलग श्रेणी के कचरे को अलग-अलग वाहनों के माध्यम से संग्रहित किया जाएगा।

### नए नियमों के बारे में दी विस्तार से जानकारी

बैठक में ठोस कचरा प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) से जुड़े नए नियमों और उनकी प्रभावी पालना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसके तहत 6 जून को मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) और ट्रांसफर स्टेशनों का निरीक्षण किया जाएगा ताकि कचरा प्रबंधन की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जा सके। इसके अलावा 7 से 12 जून तक शहर के वार्ड 1 से 20 तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नागरिकों को चार प्रकार के कचरे गीला कचरा, सूखा कचरा, सैनिटरी वेस्ट तथा स्पेशल केयर वेस्ट को अलग-अलग डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, पार्षद मोहित सिंघल, ज्योति वर्मा, हरिसिंह सैनी, सत्यवान पान्नू, रवि सैनी, जगमोहन मित्तल, नरेश ग्रेवाल, संजय डालमिया, भीम महाजन, राजेन्द्र बिडलान, नवीन, डॉ. सुमन यादव, राजेश अरोड़ा, गगन शर्मा, सुरेश जागड़ा, एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई सुनील लाम्बा, सीएमजीजीए अमोल मधुकर, जेई मंजीत हुड्डा, एसआई कपिल पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप ओड, बिजेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर महिला कॉलेज में पौधरोपण और संगोष्ठी

हिसार। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय महिला कॉलेज में भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा, हिसार, एनएसएस यूनिट-I और यूनिट II तथा इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता एवं पोधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में पोधरोपण अभियान से हुआ। भारत विकास परिषद के सदस्यों, प्राचार्य सतीश सिंगला, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर व स्वयंसेवकों तथा इको क्लब की इंचार्ज ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। दूसरे सत्र 9 से 10 बजे में पर्यावरण संरक्षण पर विचार संगोष्ठी हुई। मंच का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी हिना पाहुजा ने किया।

## स्वदेशी जागरण मंच ने पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हिसार। स्वदेशी जागरण मंच ने पौधरोपण करके और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प करवाकर विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया। डोगरान मोहल्ला स्थित राजकीय मिडल स्कूल-2 के प्रांगण में पौधे लगाए गए और पर्यावरण को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक डॉ. संजीव शर्मा, जिला संयोजक राकेश चराया, जिला महिला समन्वयक सुमन ऐरन, जिला युवा आयाम प्रमुख डॉ. पूनम, जिला स्वमन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान डॉ. अजीत कुमार, स्वदेशी मेला स्टाल प्रमुख रितुराज सिंह, डॉ. अनिल, रेनू गोयल व नए स्वदेशी कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ मौजूद रहे। इस दौरान उषा ठकराल ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलवाई।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर बनाई रचनात्मक व आकर्षक चित्रकारियां

हिसार। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'द कलाकार आर्ट क्रू' द्वारा विशेष चित्रकला गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर सुंदर पोस्टर और पेंटिंग्स बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बच्चों ने पृथ्वी को बचाने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश अपनी कलाकृतियों के माध्यम से दिया।

# बच्चों ने मिट्टी एवं वेस्ट मटेरियल से बनाई सुंदर कलाकृतियां

पर्यावरण के नाम रहा रंगोत्सव का पांचवां दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आकार वेलफेयर सोसायटी द्वारा चल रहे समर आर्ट कैंप रंगोत्सव 2026 के पांचवें दिन बच्चों ने मिट्टी (क्ले) एवं वेस्ट मटेरियल से सुंदर कलाकृतियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने पुरानी सामग्री के उपयोग से आकर्षक कलाकृतियां तैयार कीं। कैंप में उपयोग की गई क्ले संस्था द्वारा पुराने समाचार पत्रों से तैयार की गई थी। संस्था के सदस्यों ने बच्चों को बताया कि प्राचीन समय में घरों की महिलाएं इसी प्रकार की मिट्टी से ठठिया तथा अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुएं बनाया करती थीं। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को रिसाइक्लिंग और पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी समझाया गया। इस अवसर पर अन्य संस्था के सहयोग से पक्षियों के लिए सकोरों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के सेल्फी विद सकोरा अभियान का हिस्सा था। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया और गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया गया।



हिसार। कैंप में रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते बच्चे।

## टिकाऊ व वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रति किया जागरूक

हिसार। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) में ए-1 श्रृंखला प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आयोजित हुआ, जिसमें किसानों, कृषि स्नातकों और तकनीकी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस विशेष कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों जैसे गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, असम, कर्नाटक और ओडिशा सहित कई राज्यों से आए कुल 96 प्रशिक्षार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को टिकाऊ व वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना और कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देना था।

# श्री काली देवी विद्या मंदिर में शिक्षकों के लिए एआई पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम

एआई से शिक्षण बनेगा रोचक और प्रभावी : ट्रेनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में शुक्रवार को शिक्षकों के व्यावसायिक विकास हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस इन क्लासरुम रहा। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के शैक्षिक उपयोग से परिचित कराना था। इस अवसर पर संदीप कुमार एवं सुनील कुमार ने संसाधन व्यक्ति के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने शिक्षकों को कक्षा-कक्ष में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी उपयोग, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को रोचक एवं सरल बनाने के विभिन्न डिजिटल उपकरणों तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने में एआई की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न एआई आधारित शैक्षिक टूल्स का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया तथा उनसे संबंधित अपने प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।


हांसी। एआई पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम में ट्रेनर संदीप कुमार एवं सुनील कुमार के साथ विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता व अन्य शिक्षक

## काबरेल गोशाला में आंखों व दांतों की निःशुल्क जांच शिविर 7 को

हिसार। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा 7 जून को गांव काबरेल में आंखों व दांतों की निशुल्क जांच का शिविर लगाया जाएगा। काबरेल गोशाला में यह शिविर प्रातः 10 बजे शुरू होगा और दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक नेत्र व दांतों की जांच करके उचित परामर्श देंगे और यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस शिविर में नेत्र जांच के उपरांत जिन लोगों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिलेगी, उनकी आंखों का ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र में निशुल्क किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

बढ़ते प्रदूषण और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ शहर की सामाजिक संस्थाओं के साथ अहम बैठक

# पर्यावरण दिवस रस्म नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का दिन

- साल में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखरेख करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्व पर्यावरण दिवस केवल रस्म अदायगी नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लेने का दिन है। यह विचार विधायक सावित्री जिन्दल ने शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर आयोजित एक विशेष बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने आह्वान किया कि पर्यावरण सुधार के लिए प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का दायित्व निभाए, तो हम अपने शहर हिसार और हरियाणा प्रदेश को पूर्णतया हरित और प्रदूषण मुक्त बना सकते हैं। विधायक सावित्री जिन्दल के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं हरिभरी वसुंधरा, हमारा प्यार हिसार, ग्रीन ग्लोबल व ग्रीन हिसार फिट हिसार के प्रतिनिधियों और पर्यावरण प्रेमियों की एक महत्वपूर्ण बैठक में वायु, जल व ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से जीवन पर पड़ रहे दुष्प्रभावों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। इस अवसर पर सावित्री जिन्दल ने कहा, पर्यावरण संरक्षण किसी एक व्यक्ति, संस्था या सरकार का नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें प्रदूषणकारी तत्वों का प्रयोग बंद कर पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने होंगे।"इस बैठक में हिसार के मेयर प्रवीन पोपली सहित शहर की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों में हरिभरी वसुंधरा से सुनीता रहेजा, हमारा प्यार हिसार से सुशील खरींटा, सतेन्द्र यादव, ग्रीन हिसार फिट हिसार से रमेश भाटी, ग्रीन ग्लोब से हरि सिंह, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद संजय डालमिया, फॉरेस्ट विभाग से पूनम, जगदीश जिन्दल तथा प्रवीण जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


हिसार। विधायक सावित्री जिंदल को पौधे भेंट करते हुए।

### कचरा प्रबंधन पर तैयार की रणनीति

*बैठक में शहर की बेहतर स्वच्छता व्यवस्था के लिए कचरा प्रबंधन पर विशेष रणनीति तैयार की गई। चर्चा के दौरान सॉलिड वेस्ट सेग्रिगेशन, रीसाइक्लिंग और नागरिक सहभागिता बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिए गए।*

## अणुव्रत समिति ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हिसार। अणुव्रत समिति हिसार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में टाउन पार्क में पोधरोपण किया गया जिसमें समिति सदस्यों के अलावा आमजन की भी भागीदारी रही। इस मौके पर समिति ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष संजय जैन, राजेंद्र अग्रवाल, दर्शन लाल शर्मा, डॉ. सतेंद्र यादव, इंद्रेश पांडे, जगदीश गर्ग, श्रवण गिरधर, सभा अध्यक्ष संजय जैन, डॉ. आर.के. सैनी, मुकेश कुमार, डॉ. संजय मुंजाल, संजीव राजपाल, प्रेम कुमार, राजकुमार सोनी, सुमन सोनी, सुरेंद्र छिंदा, इंद्रपाल खुराना, जयभगवान लाडवाल आदि मौजूद थे।